प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 28.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन की कार्यवाही जारी, राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर आज पेश करेंगे आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट।
2. विधानसभा में पेश सीएजी की रिपोर्ट पर गरमायी राजनीति, भाजपा ने कहा– सरकार का असंवेदनशील चेहरा हुआ बेनकाब, झामुमो ने किया पलटवार।
3. मुख्यमंत्री ने लगभग 29 हजार सरकारी स्कूलों को टैब देने की योजना का किया शुभारंभ, राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना की भी आज करेंगे शुरुआत।
4. झारखंड समेत देश भर में आज मनाया जा रहा है राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, वैज्ञानिक संचार से संबंधित कई गतिविधियों का हो रहा है आयोजन।
5. आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट का क्वार्टर फाइनल मुकाबला आज, दोपहर ढाई बजे से अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच होगी भिड़ंत।

********************

विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन की कार्यवाही जारी है। आज वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर राज्य की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश करेंगे। सर्वेक्षण रिपोर्ट से राज्य की आर्थिक स्थिति का पता चलेगा। तीन मार्च को राज्य सरकार बजट पेश करेगी।

********************

झारखंड विधानसभा में सीएजी की रिपोर्ट आने के बाद राजनीति गरमा गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि झारखंड ने कोविड के दौरान केन्द्र से मिली पूरी राशि खर्च नहीं की। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने इसे लेकर सरकार पर हमला बोला है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा है कि इससे सरकार का असंवेदनशील चेहरा बेनकाब हो गया है।

इस बीच सत्तारुढ़ झामुमो ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा है कि सरकार ने कोई वित्तीय अनियमितता नहीं की है। पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि पीएम केयर फंड की भी रिपोर्ट सामने आनी चाहिए।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज लगभग 29 हजार सरकारी स्कूलों को टैब देने की योजना का शुभारंभ किया। टैब वितरण के साथ स्कूलों का रिपोर्ट कार्ड तैयार करने और शिक्षकों के 50 घंटे का अनिवार्य प्रशिक्षण योजना की भी शुरुआत की गयी। मुख्यमंत्री आज राज्य स्वास्थ्य बीमा योजना की भी शुरुआत करेंगे ।

********************

लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के रेवत गांव के बहेर चौक के पास कोयला लदा एक अनियंत्रित हाइवा ग्रामीणों के घर में घुस गया। इस घटना में हाइवा चालक की मौत हो गई जबकि खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में दो ग्रामीणों के घर और एक दुकान भी ध्वस्त हो गये।

********************

प्रधानमंत्री आज नई दिल्ली के सुंदर नर्सरी में जहान–ए–खुसरो 2025 कार्यक्रम में भाग लेंगे। रूमी फाऊंडेशन द्वारा आयोजित यह समारोह इस वर्ष अपनी 25वीं वर्षगांठ मना रहा है। यह समारोह अमीर खुसरो की विरासत मनाने के लिए दुनियाभर के कलाकारों को एक साथ लाएगा।

********************

लोहरदगा जिले की 66 पंचायतों में शिक्षित ग्राम सक्षम पंचायत विषय पर जिला स्तरीय मुखिया कार्यशाला सह सम्मेलन का आयोजन किया गया।

********************

झारखंड समेत देश भर में आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जा रहा है। प्रति वर्ष 28 फरवरी को महान भौतिकी विज्ञानी सर सी. वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में यह दिन मनाया जाता है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह भी आज इस अवसर पर एक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

********************

आकाशवाणी महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कोहिमा में उत्तर–पूर्व क्षेत्र के आकाशवाणी स्टेशनों की कार्यक्रम और वाणिज्यिक बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय परंपरा का जश्न मनाते हुए पूर्वोत्तर कैनवास आकाशवाणी का विमोचन किया। यह पूर्वोत्तर क्षेत्र के आकाशवाणी केंद्रों का संक्षिप्त वीडियो क्लिप का एक संग्रह है।

********************

- पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के कुहकुह इलाके में अपराधियों ने एक हाइवा में आग लगा दी। हाइवा माइंस में पत्थर लेने के लिए जा रहा था।
- महाकुंभ के दौरान धनबाद रेल मंडल के विभिन्न स्टेशनों से 76 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया गया। वहीं धनबाद मंडल के रास्ते अतिरिक्त 23 कुंभ स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं।
- हजारीबाग में बेरोजगार युवकों को बेहतर भविष्य प्रदान करने के लिए कल रोजगार सृजन मेला लगेगा। ग्रामीण विकास विभाग और जेएसएलपीएस की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है।

********************

मौसम विभाग ने राज्य के उत्तर पश्चिम इलाके में आज से फिर मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। आज और कल पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, कोडरमा और लोहरदगा में हल्की बारिश हो सकती है। साथ ही रांची और अन्य जिलों में बादल छाए रह सकते हैं।

********************

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में आज दोपहर क्वार्टर फाइनल में अफगानिस्तान का मुकाबला  ऑस्ट्रेलिया से होगा। यह मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढाई बजे से खेला जाएगा।

********************